nt>

Title: Need to address the problem of shortage of power in Madhya Pradesh by augmenting the power supply to the State.

डॉ. सत्यनारायण जटिया (उज्जैन) : मान्यवर, देश में तथा मध्य प्रदेश में बिजली की मांग और पूर्ति में काफी अंतर है। बिजली की कमी के कारण जहां जन सामान्य जीवन एवं कारोबार प्रभावित हो रहा है वहीं बिजली की कमी के कारण कृाि सिंचाई में किसानों को अपनी फसल को सिंचित करने में अत्यन्त ही असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है तथा इससे कृाि उत्पादन भी प्रभावित हो रहा है।

एतएव बिजली उत्पादन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की आवश्यकता है तथा जहां बिजली की कमी है, वहां बिजली उपलब्ध कराएं।

मेरा आग्रह है कि केन्द्र सरकार बिजली आपूर्ति के लिये मध्य प्रदेश को पर्याप्त मात्रा में बिजली उपलब्ध कराए, जिससे किसानों की फसलों को हो रही क्षति से बचाया जा सके तथा जन सामान्य को और छात्रों को बिजली की कमी से हो रही मुश्किलों से राहत मिले।